नारायण राणे
NARAYAN RANE


सत्यमेव जयते

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर


मंत्री
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
भारत सरकार
Minister
Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India


## संदेश

प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाने वाला हिंदी दिवस भारतीय संस्कृति को संजोने और हिंदी भाषा को सम्मान देने का एक तरीका है। हिंदी दिवस एक अनुस्मारक भी है कि जहां भी हम जाएँ हमें अपने आदर्शों और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। हमारी भाषा हमारी पहचान होती है और यही हमें परिभाषित करती है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों, वैश्विक महाशक्तियों सहित सभी विकासशील और अल्प-विकसित देशों में भारत की साख में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज समस्त विश्व भारत से नेतृत्व की उम्मीद कर रहा है। भारत, भारतीयता तथा भारतीय संस्कृति, वैदिक आदर्श और जीवनशैली अत्यंत लोकप्रियता अर्जित कर रहे हैं।

अब हमारा उत्तरदायित्व और भी बढ़ गया है। हमें अब और अधिक समर्पित होकर, अधिक एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ दृढसंकल्पित होकर कार्य करना होगा।

हिन्दी भाषा हमारी इन्हीं प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में हमेशा की तरह सहायक है। संपर्क के माध्यम के रूप में हिन्दी भाषा "वसुधैव कुटुम्बकम" की वैदिक परंपराएं साकार कर रही है। हमारा महान देश भारत अपने गौरवमयी अतीत को दोहरा रहा है।

हिंदी दिवस हमारे सांस्कृतिक जड़ों को फिर से देखने और अपनी समृद्धता का जश्न मनाने का दिन है। हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें इसका आदर करना चाहिए और उसका मूल्य समझना चाहिए। हिन्दी के इस उत्तरोत्तर विस्तार को और नई बुलंदियां प्रदान करने के लिए, आईए! आज 14 सितंबर-हिन्दी दिवस के अवसर पर हम सभी हिन्दी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का अपना संकल्प एक बार फिर से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ दोहराएं।

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

दिनांक : 14 सितंबर, 2023

(नारायण राणे)


51, Udyog Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110011, Ph. : 011-23061566, 011-23061739 Fax : 011-23063141
E-mail : narayan.rane@gov.in